SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

फरवरी 2014

बेहतर मासिक बजट के लिए फरवरी से मासिक बिल

अब बिजली के बिल भी फोन, मोबाइल, इंटरनेट, क्रेडिट कार्ड, डीटीएच, केबल आदि की तरह मासिक हो जाएंगे। उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर, बीवाईपीएल फरवरी 2014 से अपने सभी उपभोक्ताओं के लिए मंथली बिलिंग व्यवस्था लागू करने जा रही है। अभी तक पूर्वी और मध्य दिल्ली के सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए द्वैमासिक यानी बायमंथली बिलिंग की व्यवस्था थी। मासिक बिलिंग हो जोने से उपभोक्ता अपने घरेलू बजट की बेहतर योजना बना सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बिजली बिलिंग की यही व्यवस्था है।

खास बात यह है कि द्वैमासिक बिलिंग व्यवस्था के तहत जो भी सुविधाएं उपभोक्ताओं को मिलती रही हैं, वे सभी अब भी लागू रहेंगी, जैसे–बिल का भुगतान करने के लिए 15 दिनों का वक्त और सब्सिडी व स्लैब से संबंधित लाभ।

मंथली बिलिंग के बारे में उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी देने के लिए, बीवाईपीएल हेल्पलाइन नंबर 011–399–99–808 पर एक पूर्ण समर्पित विकल्प दिया गया है। उपभोक्ता वहां से मंथली बिलिंग के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

मंथली बिलिंग के फायदे :

- उपभोक्ता अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे।
- मोबाइल / लैंडलाइन फोन, क्रेडिट कार्ड, केबल / डीटीएच / लोन रीपेमेंट / ईएमआई आदि के बिलों के साथ ही बिजली बिल का भी भुगतान हो जाएगा। इसके लिए, उपभोक्ताओं को अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- बिल देखते ही उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के बारे में जान जाएंगे और उस हिसाब से अपनी खपत पर लगाम लगाना उनके लिए आसान होगा।

बीवाईपीएल की पहलः महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस कैंप्स

अपने सीएसआर यानी कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी पहल के तहत, **बीवाईपीएल ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर पूर्वी और मध्य दिल्ली में महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस कैंपस का आयोजन कर रही है।** पिछले तीन कैंपों में करीब 500 महिलाओं ने हिस्सा लिया। ये कैंप्स **यमुना विहार के राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, दरियागंज के हैप्पी स्कूल और जीटी रोड स्थित संत एकनाथ सर्वोदय कन्या विद्यालय** में आयोजित किया गया, जिसमें इन स्कूलों की छात्राओं के अलावा, एक एनजीओ की महिलाओं ने भी प्रषिक्षण प्राप्त किया। कार्यकम की समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को दिल्ली पुलिस की ओर से सर्टिफिकेट भी दिए गए।

बीवाईपीएल ने जीते राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

गोल्ड स्टीवी अवॉर्ड
कंपनी ऑफ द् ईयर
युटिलिटीज्

सिल्वर स्टीवी अवॉर्ड
स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

द इंस्टीट्यूशन ऑफ
इंजीनियर्स सेफ्टी
इनोवेशन अवार्ड 2013

इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स
इनोवेशन अवार्ड फॉर डिस्कॉम्स्
डिमांड साइड मैनेजमेंट

अपने इलाके में बिजली नेटवर्क की मरम्मत व रखरखाव संबंधित जानकारियों के लिए क्लिक करें www.bsesdelhi.com और www.delhisldc.org

लगभग आधे दामों पर एलईडी बल्ब्स

बीवाईपीएल दिल्लीवालों के लिए एक अनोखा गिफ्ट लेकर आई है। बीवाईपीएल के 16 ऑफिसों में लगे स्पेशल कियॉस्क्स पर, लगभग आधे दामों पर एलईडी बल्ब्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके लिए बीवाईपीएल ने उच्च गुणवत्ता वाले एलईडी बल्ब्स और ट्यूबलाइट्स बनाने वाली कंपनी इकोलाइट के साथ समझौता किया है। यह ऑफर 15 मार्च तक जारी रहेगा।

एलईडी	एमआरपी	ऑफर के साथ कीमत	छूट (प्रतिशत)
7 वॉट बल्ब	550 रू	299 रू	46 प्रतिशत
5 वॉट बल्ब	500 रू	275 रू	45 प्रतिशत
18 वॉट ट्यूबलाइट	1500 रू	990 रू	34 प्रतिशत

इस ऑफर के लाभः

इस ऑफर के तहत खरीदी गई एलईडी पर तीन साल की रिप्लेसमेंट वॉरंटी भी मिलेगी। सीएफएल के विपरीत, एलईडी में कोई मरकरी और आर्सेनिक नहीं होता। अगर पारंपरिक बल्ब्स से तुलना करें, तो एलईडी उनके मुकाबले आठ गुणा कम बिजली की खपत करती हैं और सीएफएल के मुकाबले दो गुणा कम।

हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं, कॉल करें 399 99 808
अपना ईमेल, मोबाइल और सीए नंबर हमारे वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर रजिस्टर करें या हमारे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999

मुद्रितः फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050